# PAPER-II
# PHILOSOPHY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) __________________________

   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**J 0 3 1 4**

Time : **1 ¼** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** | Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

# PHILOSOPHY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Bhutayajña is performed for the wellbeing of
(A) Souls of dead persons
(B) Souls of the ancestors
(C) The Performer
(D) None of the above

**2.** The correct sequence of some items of drādaśanidāna according to the Buddhists is
(A) Nāmarūpa, Vijñāna, Saḍāyatan, Sparśa
(B) Vijñāna, Nāmarūpa, Saḍāyatan, Sparśa
(C) Vijñāna, Nāmarūpa, Sparśa, Saḍāyatan
(D) Saḍāyatan, Vijñāna, Nāmarūpa, Sparśa

**3.** Bandhana (bondage) is of two types i.e. Bhāvabandhana & Dravyabandhana – this view is upheld by
(A) Nyāya
(B) Yoga
(C) Jaina
(D) None of the above

**4.** Which school holds that God exists, but he has not created the World ?
(A) Vaiśeṣika
(B) Cārvāka
(C) Yoga
(D) Nyāya

**5.** Svalakṣaṇa according to the Buddhists is
(A) Momentary only
(B) Real only
(C) Both momentary and real
(D) Eternal and real

**6.** Given below an Assertion (A) and a Reason (R).
Consider them and select the correct code in the context of Buddhism.
**Assertion (A) :** Even Nirvāṇa is a stable of misery.
**Reason (R) :** Sarvam duḥkham duḥkham
**Code :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) (A) is true and (R) is false and (R) is the correct explanation of (A)
(C) (A) is false and (R) is true and (R) is not the correct explanation of (A).
(D) (A) and (R) are both false and (R) is not the correct explanation of (A).

**7.** According to Nyāya which Pramāṇa cognizes absence ?
(A) Pratyaksha
(B) Anumān
(C) Aṇupalabdhi
(D) S̄abda

# दर्शनशास्त्र

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित में से किसके योगक्षेम के लिए भूतयज्ञ किया जाता है ?

(A) मृत व्यक्तियों की आत्माएँ

(B) पूर्वजों की आत्माएँ

(C) अनुष्ठानकर्त्ता

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2.** बौद्धों के अनुसार, द्वादशनिदान के कुछ चरणों का सही अनुक्रम है :

(A) नामरूप, विज्ञान, षडायतन, स्पर्श

(B) विज्ञान, नामरूप, षडायतन, स्पर्श

(C) विज्ञान, नामरूप, स्पर्श, षडायतन

(D) षडायतन, विज्ञान, नामरूप, स्पर्श

**3.** बन्धन दो प्रकार का होता है – भावबन्धन और द्रव्यबन्धन – यह विचार किसका है ?

(A) न्याय

(B) योग

(C) जैन

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**4.** किस सम्प्रदाय का मानना है कि ईश्वर विद्यमान है, परन्तु उसने विश्व का सृजन नहीं किया है ?

(A) वैशेषिक

(B) चार्वाक

(C) योग

(D) न्याय

**5.** बौद्धों के अनुसार स्वलक्षण है

(A) केवल क्षणिक

(B) केवल वास्तविक/यथार्थ

(C) क्षणिक और वास्तविकता दोनों

(D) शाश्वत और वास्तविक/यथार्थ

**6.** नीचे अभिकथन (A) और कारण (R) दिए गए हैं । बौद्ध दर्शन के संदर्भ में उन पर विचार करें और सही कोड का चयन करें ।

**अभिकथन (A)** : निर्वाण भी दु:ख की स्थिति है ।

**कारण (R)** : सर्वम् दु:खम् दु:खम् ।

**कोड** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) सत्य है और (R) असत्य है और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(C) (A) असत्य है और (R) सत्य है और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(D) (A) और (R) दोनों असत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

**7.** न्यायदर्शन के अनुसार, कौन सा प्रमाण अभाव के ज्ञान का साधन है ?

(A) प्रत्यक्ष

(B) अनुमान

(C) अनुपलब्धि

(D) शब्द

**8.** Which one of the following alternatives is accepted by some schools of Buddhism ?

(A) Swatah – Pramanya, Partah – Apramanya

(B) Swatah – Pramanya, Swatah – Apramanya

(C) Partah – Pramanya, Swatah – Apramanya

(D) Partah – Pramanya, Partah – Apramanya

**9.** What is the right sequence of five Klesasa, according to Yoga Darshana ?

(A) Avidyā, Asmitā, Rāga, Dvesa, Abhinivesa

(B) Asmitā, Avidyā, Rāga, Dvesa, Abhinivesa

(C) Rāga, Asmitā, Avidyā, Dvesa, Abhinivesa

(D) Abhinivesa, Rāga, Asmitā, Avidyā, Dvesa,

**10.** What is the link between Brahman and World, according to Sri Aurobindo ?

(A) Mind

(B) Higher Mind

(C) Illumined Mind

(D) Supermind

**11.** Which one of the following is the basis of law of Karma, according to Vedic tradition ?

(A) God

(B) Nature

(C) Human Being

(D) Rit

**12.** Which one is not a Cittavrithi ?

(A) Smṛti

(B) Viparyaya

(C) Vitarka

(D) Pramāṇa

**13.** In the following example there is Hetvabhāsa which is known as :

'Sabda is eternal because there is Sabdatva in it',

(A) Sādhāraṇa anekāñtika

(B) Asādhāraṇa anekāñtika

(C) Anupasamhāri anekāñtika

(D) None of the above

**14.** The concept of Jivan-Mukta is the ideal of

(A) Mimāmsā

(B) Dvaita-Vedanta

(C) Visista-Advaita

(D) Advaita-Vedanta

**15.** What is the correct sequence in evolutionary process of mind to supermind, according to Sri Aurobindo ?

(A) Illumined mind, Higher mind, Intuitive mind, Overmind and Supermind

(B) Higher mind, Illumined mind, Intuitive mind, Overmind and Supermind

(C) Intuitive mind, Overmind, Supermind, Higher mind, Illumined mind

(D) Supermind, Highermind, Illumined mind, Intuitive mind and Overmind

**16.** Who according to Sri Aurobindo, is the father of ignorance ?

(A) Supermind

(B) Overmind

(C) Illumined mind

(D) Intuitive mind

8. निम्नलिखित में से कौन सा एक विकल्प कतिपय बौद्ध-मत में स्वीकार्य है ?

(A) स्वत:-प्रामाण्य, परत:-अप्रामाण्य ।

(B) स्वत:-प्रामाण्य, स्वत:-अप्रामाण्य ।

(C) परत:-प्रामाण्य, स्वत:-अप्रामाण्य ।

(D) परत:-प्रामाण्य, परत:-अप्रामाण्य ।

9. योग दर्शन के अनुसार, पाँच क्लेशों का सही क्रम क्या हैं ?

(A) अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष, अभिनिवेश

(B) अस्मिता, अविद्या, राग, द्वेष, अभिनिवेश

(C) राग, अस्मिता, अविद्या, द्वेष, अभिनिवेश

(D) अभिनिवेश, राग, अस्मिता, अविद्या, द्वेष

10. श्री अरविन्द के अनुसार, ब्रह्म एवं जगत् के मध्य कड़ी क्या है ?

(A) मन

(B) उच्चतर मन

(C) प्रदीप्त मन

(D) अतिमन

11. वैदिक परम्परा के अनुसार, कर्म नियम का आधार निम्नलिखित में से कौन सा एक है ?

(A) ईश्वर

(B) प्रकृति

(C) मनुष्य

(D) ऋत

12. निम्नलिखित में से किसकी गणना चित्तवृत्ति के अन्तर्गत नहीं होती है ?

(A) स्मृति

(B) विपर्यय

(C) वितर्क

(D) प्रमाण

13. निम्नलिखित उदाहरण में हेत्वाभास है जिसे इस रूप में जाना जाता है :

'शब्द नित्य है क्योंकि उसमें शब्दत्व है ।'

(A) साधारण अनेकान्तिक के रूप में

(B) असाधारण अनेकान्तिक के रूप में

(C) अनुपसंहारी अनेकान्तिक के रूप में

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

14. जीवन-मुक्त की अवधारणा निम्नलिखित का आदर्श है :

(A) मीमांसा

(B) द्वैत-वेदान्त

(C) विशिष्टा-द्वैत

(D) अद्वैत-वेदान्त

15. मन से अतिमन तक विकास की प्रक्रिया का सही क्रम श्री अरविन्द के अनुसार क्या है ?

(A) प्रदीप्त मन, उच्चतर मन, अन्तर्मासिक मन, उर्ध्वमन एवं अतिमन

(B) उच्चतर मन, प्रदीप्त मन, अन्तर्मासिक मन, उर्ध्वमन एवं अतिमन

(C) अन्तर्मासिक मन, उर्ध्वमन, अतिमन, उच्चतर मन, प्रदीप्त मन

(D) अतिमन, उच्चतर मन, प्रदीप्त मन, अन्तर्मासिक मन एवं उर्ध्वमन

16. श्री अरविन्द के अनुसार, अज्ञान का जनक कौन है ?

(A) अतिमन

(B) उर्ध्वमन

(C) प्रदीप्तमन

(D) अन्तर्मासिक मन

**17.** Who has propounded ultimate reality as supra-ethical ?

(A) Nietzsche

(B) Gandhi

(C) Sri Aurobindo

(D) K.C. Bhattacharya

**18.** What is the right sequence of triple process of evolution, according to Sri Aurobindo ?

(A) Heightening, Widening and Integration

(B) Widening, Heightening and Integration

(C) Integration, Heightening and Widening

(D) None of the above

**19.** According to Mīmāmsā, the validity of knowledge is

(A) Intrinsic

(B) Extrinsic

(C) Both Intrinsic and Extrinsic

(D) Neither Intrinsic nor Extrinsic

**20.** According to Kumaril the relation of genes with individual is known as

(A) Identity indifference

(B) External relation

(C) Inseparable relation

(D) All the three

**21.** Match the following by using the code below :

| **List – I (Thinker)** | **List – II (Doctrine)** |
|---|---|
| a. Vivekananda | i. Surplus in man |
| b. Tagore | ii. Universal religion |
| c. Sri Aurobindo | iii. Neo-Buddhism |
| d. Ambedkar | iv. Purnādvaita |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | i | iv | ii | iii |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | iii | i | ii | iv |

**22.** Who has propounded that 'Religion is not meant for empty belly' ?

(A) Radhakrishnan

(B) Tagore

(C) Krishnamurti

(D) Vivekananda

**23.** Who has propounded that matter and spirit are the lowest and highest terms of the same existence ?

(A) Gandhi

(B) Sankara

(C) Tagore

(D) Sri Aurobindo

17. परमसत को अतिनैतिक के रूप में किसने प्रतिपादित किया है ?

(A) नीत्शे

(B) गाँधी

(C) श्री अरविन्द

(D) के.सी. भट्टाचार्य

18. श्री अरविन्द के अनुसार, विकास की त्रिविध प्रक्रिया का सही क्रम क्या है ?

(A) उर्ध्वीकरण, विस्तारण एवं समाकलन

(B) विस्तारण, उर्ध्वीकरण एवं समाकलन

(C) समाकलन, उर्ध्वीकरण एवं विस्तारण

(D) उपर्युक्त में कोई नहीं

19. मीमांसा के अनुसार, ज्ञान का प्रामाण्य है

(A) स्वत:

(B) परत:

(C) स्वत: और परत: दोनों

(D) न स्वत: न ही परत:

20. कुमारिल के अनुसार जाति का व्यक्ति से संबंध जाना जाता है

(A) भेदाभेद सम्बन्ध

(B) बहिरंग सम्बन्ध

(C) अयुतसिद्ध सम्बन्ध

(D) सभी तीन

21. निम्नलिखित को नीचे प्रदत्त कूट के आधार पर सुमेलित कीजिये :

| **सूची – I (चिन्तक)** | **सूची – II (सिद्धांत)** |
|---|---|
| a. विवेकानन्द | i. मनुष्य में अतिरिक्तता |
| b. टैगोर | ii. सार्वभौम धर्म |
| c. श्री अरविन्द | iii. नव-बौद्धवाद |
| d. अम्बेडकर | iv. पूर्णाद्वैत |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | i | iv | ii | iii |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | iii | i | ii | iv |

22. यह किसने प्रतिपादित किया है कि 'खाली पेट वाले के लिये धर्म निरर्थक है' ?

(A) राधाकृष्णन्

(B) टैगोर

(C) कृष्णमूर्ति

(D) विवेकानन्द

23. यह किसने प्रतिपादित किया है कि जड़ एवं आत्मतत्त्व एक ही सत्ता की निम्नतम और उच्चतम अवस्थाएँ हैं ?

(A) गाँधी

(B) शंकर

(C) टैगोर

(D) श्री अरविन्द

**24.** Match the List – I with List – II and choose correct answer from the code given below :

| List – I (Authors) | List – II (Texts) |
|---|---|
| a. Gandhi | i. The Human Cycle |
| b. Sri Aurobindo | ii. My Experiments with Truth |
| c. Tagore | iii. The Hindu View of Life |
| d. Radhakrishnan | iv. The Religion of Man |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | i | ii | iv | iii |
| (C) | iii | ii | i | iv |
| (D) | ii | iii | iv | i |

**25.** Who said that 'Concepts without percepts are empty and percepts without concepts are blind' ?

(A) Kant

(B) Locke

(C) Berkeley

(D) Spinoza

**26.** Which of the followings are considered as NOT primary qualities ?

(A) Solidity and Extension

(B) Figure and Motion

(C) Rest and Number

(D) Colour and Sound

**27.** Consider the 'Assertion' (A) and 'Reason' (R) and mark the correct option in the light of ontological argument.

**Assertion (A) :** God exists as an absolutely perfect being.

**Reason (R) :** Perfection does not entail existence.

**Codes :**

(A) (A) and (R) both are true and (R) provides correct explanation of (A).

(B) (A) and (R) both are false and (R) does not provides correct explanation of (A).

(C) (A) is true and (R) is false and (R) does not provide correct explanation of (A).

(D) (A) is false and (R), is true and (R) does not provide correct explanation of (A).

**28.** Choose the correct order of hierarchy of sciences according to Plato.

(A) Arithmetic, Geometry, Astronomy, Harmonics and Dialectics

(B) Dialectics, Arithmetic, Astronomy, Harmonics and Geometry

(C) Dialectics, Astronomy, Arithmetic, Geometry and Harmonics

(D) Arithmetic, Astronomy, Diabetics, Geometry and Harmonics

**29.** Which of the Philosophers noted below belong to Milesian School ? Make the correct code :

1. Thales  2. Anaximander
3. Parmenides  4. Anaximanes

**Codes :**

(A) 2 and 3

(B) 1, 2 and 4

(C) 2 and 4

(D) All of the above

**24.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित करें तथा प्रदत्त कूट के आधार पर सही उत्तर चुनें :

| **सूची – I** (**लेखक**) | **सूची – II** (**ग्रन्थ**) |
|---|---|
| a. गाँधी | i. दि ह्यूमन साइकिल |
| b. श्री अरविन्द | ii. माई एक्सपरिमेन्ट्स विथ ट्रुथ |
| c. टैगोर | iii. दि हिन्दू व्यू ऑफ लाइफ़ |
| d. राधाकृष्णन् | iv. दि रेलिजन ऑफ मैन |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | i | ii | iv | iii |
| (C) | iii | ii | i | iv |
| (D) | ii | iii | iv | i |

**25.** 'इन्द्रिय संवेदनाओं के बिना बुद्धिविकल्प पंगु है और बुद्धिविकल्पों के बिना इन्द्रिय संवेदन अन्ध हैं ।' यह किसका कथन है ?

(A) केण्ट

(B) लॉक

(C) बर्कले

(D) स्पिनोजा

**26.** निम्नलिखित में से किसे प्राथमिक गुण नहीं समझा जाता है ?

(A) सघनता और विस्तार

(B) आकृति और गति

(C) विश्रान्ति और संख्या

(D) वर्ण और ध्वनि

**27.** अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार करें और सत्तामीमांसीय तर्क के प्रकाश में सही विकल्प का चयन करें ।

**अभिकथन (A)** : ईश्वर निरपेक्ष पूर्ण सत्ता के रूप में अस्तित्ववान है ।

**कारण (R)** : पूर्णता के लिये अस्तित्व अपरिहार्य नहीं है ।

**कोड** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों असत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है और (R) असत्य है और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(D) (A) असत्य है और (R) सत्य है और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

**28.** प्लेटो के अनुसार, विज्ञानों के अधिक्रम का सही क्रम बताइए ।

(A) गणित, ज्यामिति, खगोलविज्ञान, संनाद-विश्लेषण और तर्कशास्त्र

(B) तर्कशास्त्र, गणित, खगोलविज्ञान, संनाद-विश्लेषण और ज्यामिति

(C) तर्कशास्त्र, खगोलविज्ञान, गणित, ज्यामिति और संनाद-विश्लेषण

(D) गणित, खगोलविज्ञान, तर्कशास्त्र, ज्यामिति और संनाद-विश्लेषण

**29.** निम्नलिखित में से माइलेशियन सम्प्रदाय के दार्शनिक कौन हैं ? सही कोड पर चिह्न लगाए ।

1. थेलिज़
2. एनैक्सीमेण्डर
3. पर्मेनाइडीज़
4. एनैक्सीमेनिज़

**कूट** :

(A) 2 और 3

(B) 1, 2 और 4

(C) 2 और 4

(D) उपर्युक्त सभी

**30.** According to A.J. Ayer statements pertaining to ethics are

(A) Cognitive

(B) Non-Cognitive

(C) Analytic

(D) A-prior

**31.** Match the locus of the universal with its corresponding theory :

a. Universal has independent existence — i. Aristotelianism

b. Universal exists only in particulars — ii. Nominalism

c. Universals exist in mind — iii. Conceptualism

d. Universals have neither independent existence nor reside in mind — iv. Realism

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | iv | ii |
| (B) | iv | i | iii | ii |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | ii | iii | iv | i |

**32.** Which group of the elements mentioned below belongs to substance according to Aristotle ?

1. Universal
2. Qualities
3. Relations
4. An unknown substratum called matter by itself.

**Codes :**

(A) 1, 2 and 3

(B) only 1 and 3

(C) only 4

(D) all of the above

**33.** Which group of the Philosophers noted below belong to quantitative atomism ? Mark the correct code as given below :

1. Anaxagoras
2. Leucippus
3. Democritus
4. Empedocles

**Codes :**

(A) 1, 3 and 4

(B) only 3

(C) 2 and 3

(D) all of the above

**34.** The philosophical concept of God as the infinite and Boundless matter was first advocated by

(A) Aristotle

(B) Anaximander

(C) Anselm

(D) Heraclitus

**35.** Select the correct sequence of the Ancient Greek Philosophers mentioned below on the basis of their period

(A) Heraclitus, Pythagoras, Democritus, Parmenides

(B) Democritus, Heraclitus, Parmenides, Pythagoras

(C) Parmenides, Heraclitus, Pythagoras, Democritus

(D) Pythagoras, Parmenides, Heraclitus, Democritus

**36.** The theory 'Ghost in Machine' is related to

(A) Official doctrine of mind

(B) Theory of Life and Death

(C) Spiritual theory of mind

(D) Mysticism

**30.** नैतिकता से सम्बन्धित कथन ए.जे. एयर के अनुसार

(A) संज्ञानात्मक

(B) अ-संज्ञानात्मक

(C) विश्लेषणात्मक

(D) प्रागानुभविक

**31.** सामान्य से अधिष्ठान को उसके समवर्ती सिद्धांत के साथ सुमेलित करें :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | सामान्य का स्वतन्त्र अस्तित्व होता है । | i. | अरस्तूवाद |
| b. | सामान्य केवल विशिष्ट में विद्यमान होता है । | ii. | नाममात्रवाद |
| c. | सामान्य मन में विद्यमान होता है । | iii. | प्रत्ययवाद |
| d. | सामान्य का न तो स्वतन्त्र अस्तित्व होता है न ही यह मन में रहता है । | iv. | वस्तुवाद |

**कोड** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | iv | ii |
| (B) | iv | i | iii | ii |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | ii | iii | iv | i |

**32.** नीचे दिए गए तत्त्वों के समूह में से कौन सा अरस्तू के अनुसार, 'द्रव्य' के अन्तर्गत आता है ?

1. सामान्य
2. गुण
3. सम्बन्ध
4. एक अज्ञात अधिष्ठान जो स्वयं में पदार्थ कहलाता है ।

**कोड** :

(A) 1, 2 और 3

(B) केवल 1 और 3

(C) केवल 4

(D) उपर्युक्त सभी

**33.** निम्नलिखित में से दार्शनिकों का कौन सा समूह परिमाणात्मक परमाणुवाद से सम्बन्ध रखता है ? नीचे दिए कोडों में से सही को चिह्नित करें :

1. एनैक्सागोरस
2. लूसीपस
3. डेमोक्रिट्स
4. एम्पीडॉकलेस

**कोड** :

(A) 1, 3 और 4

(B) केवल 3

(C) 2 और 3

(D) उपर्युक्त सभी

**34.** अनन्त और सीमारहित तत्त्व के रूप में ईश्वर के दार्शनिक प्रत्यय की सर्वप्रथम किसने वकालत की थी ?

(A) अरस्तू

(B) एनैक्सीमैंडर

(C) ऐन्सेलम

(D) हेराक्लिट्स

**35.** काल के आधार पर निम्नलिखित प्राचीन ग्रीक दार्शनिकों के सही क्रम का चयन करें :

(A) हेराक्लाइटस, पाइथागोरस, डेमोक्रिटस, पार्मेनाइडीज़

(B) डेमोक्रिटस, हेराक्लाइटस, पार्मेनाइडीज़, पाइथागोरस

(C) पार्मेनाइडीज़, हेराक्लाइटस, पाइथागोरस, डेमोक्रिटस

(D) पाइथागोरस, पार्मेनाइडीज़, हेराक्लाइटस, डेमोक्रिटस

**36.** 'मशीन में प्रेत' सिद्धांत निम्नलिखित में किससे सम्बन्धित है ?

(A) मन का अधिकारिक सिद्धांत

(B) जीवन और मृत्यु का सिद्धांत

(C) मन का आध्यात्मिक सिद्धांत

(D) रहस्यवाद

**37.** Read undernoted sentences carefully and mark the correct option as given below :

*Sentences* :

I. Hume makes difference between sensation and perception.

II. Hume is an idealist

III. Hume is an idealist, but emparacist too.

IV. Hume is sceptic and a rationalist too

*Options* :

(A) I and II are false, but III and IV are true.

(B) I and II are true, but III and IV are false

(C) All but I is true.

(D) All but I is false.

**38.** What are the three aspects of 'Care' according to Heidegger ?

(A) Facticity, Possibility, Falleness

(B) Facticity, Attention, Discipline

(C) Discipline, Falleness, Possiblity

(D) Attention, Facticity, Falleness

**39.** According to pragmatic theory of Truth

(A) Truth is a system of beliefs and it must not disagree with real.

(B) Truth must be a copy of Reality and it must not disagree with Reality.

(C) Truth must not disagree with reality and it must have workability.

(D) An idea is true if it works and if it is a copy of reality.

**40.** Match List – I with List – II and mark the correct option as given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Defence of common sense | i. Wittgenstein |
| b. Problems of Philosophy | ii. Russell |
| c. The Brown Book | iii. Moore |
| d. Concept of mind | iv. Ryle |

**Options :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | i | iv |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | i | iv | iii | ii |

**41.** Examine given 'A' (Assertion) and 'R' (Reason) and mark correct option as given below :

**Assertion (A) :** According to Berkeley there is no difference in Primary and Secondary qualities.

**Reason (R) :** Russell holds that General propositions are never existential.

**Options :**

(A) (A) and (R) both are true and (R) provides a correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true and (R) does not provide correct explanation of (A).

(C) (A) and (R) both are false, but (R) provides correct explanation to (A).

(D) (A) is true and (R) is false, but (R) provides a correct explanation of (A).

**42.** According to Kant, the two a priori forms of sensibility are

(A) World and Soul

(B) Soul and God

(C) World and God

(D) Space and Time

**37.** नीचे दिए वाक्यों को पढ़ें और नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें :

**वाक्य** :

I. ह्यूम ने संवेदन और प्रत्यक्ष बोध के बीच भेद किया है ।

II. ह्यूम प्रत्ययवादी है ।

III. ह्यूम प्रत्ययवादी है, परन्तु अनुभववादी भी है ।

IV. ह्यूम संशयवादी तथा तर्कवादी दोनों हैं ।

**विकल्प** :

(A) I और II असत्य हैं, परन्तु III और IV सत्य हैं ।

(B) I और II सत्य हैं, परन्तु III और IV असत्य हैं ।

(C) I को छोड़कर सभी सत्य हैं ।

(D) I को छोड़कर सभी असत्य हैं ।

**38.** हाईडेगर के अनुसार 'केयर' के तीन पक्ष कौन है ?

(A) ताथ्यिकता, संभाविता, फॉलेनेस

(B) ताथ्यिकता, अवधान, अनुशासन

(C) अनुशासन, फॉलेनेस, संभावित

(D) अवधान, ताथ्यिकता, फॉलेनेस

**39.** सत्य के अर्थक्रियापरक सिद्धांत के अनुसार

(A) सत्य विश्वासों की एक व्यवस्था है और इसे यथार्थ के साथ असहमत नहीं होना चाहिए ।

(B) सत्य को वस्तुस्थिति की प्रतिलिपि होना चाहिए और यथार्थ के साथ असहमत नहीं होना चाहिए ।

(C) सत्य को वस्तुस्थिति के साथ असहमत नहीं होना चाहिए और उसे कार्यकारित्व होना चाहिए ।

(D) एक विचार तभी सत्य होता है जब उसमें और जब वह वस्तुस्थिति की प्रतिलिपि कार्यकारित्व हो ।

**40.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए विकल्पों से सही का चयन करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. डिफेंस ऑफ कॉमन-सेंस | i. विटगेंस्टीन |
| b. प्रोब्लम्स ऑफ फिलोसफी | ii. रसेल |
| c. दि ब्राऊन बुक | iii. मूर |
| d. कांसेप्ट ऑफ माइंड | iv. राईल |

**विकल्प :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | i | iv |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | i | iv | iii | ii |

**41.** नीचे दिए कथनों - अभिकथन (A) और कारण (R) का परीक्षण करें और नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चुनाव करें :

**अभिकथन (A)** : बर्कले के अनुसार, प्राथमिक और गौण गुणों के बीच कोई अन्तर नहीं है ।

**कारण (R)** : रसेल का मानना है कि सामान्य तर्क वाक्य कभी भी अस्तित्वपरक नहीं होते हैं ।

**विकल्प** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) और (R) दोनों असत्य है, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(D) (A) सत्य है, (R) असत्य है, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या है ।

**42.** केण्ट के अनुसार, संवेदना के दो प्रागनुभविक आकार हैं :

(A) विश्व और आत्मा

(B) आत्मा और ईश्वर

(C) विश्व और ईश्वर

(D) दिक् और काल

**43.** Which one of the following pairs is correctly matched ?

(A) Wittgenstein – Philosophy and Analysis

(B) C.S. Pierce – Critical Philosophy

(C) Husserl – Meaning and Use

(D) G.E. Moore – Refutation of Idealism

**44.** Ramanuja's satkhyati is also known as

(A) Anirvacaniya Khyati

(B) Akhyati

(C) Sadasat Khyati

(D) Yathartha Khyati

**45.** The view that 'language has multiple functions to perform' is related to

(A) Picture theory of meaning

(B) Use theory of meaning

(C) Both (A) and (B)

(D) Neither (A) nor (B)

**46.** According to Carvaka anumana cannot be accepted as a source of knowledge because

(A) There is no necessary relation between Pakṣa and Sādhya

(B) There is doubt regarding the knowledge of Pakṣa

(C) Vyāpti cannot be established

(D) None of the above

**47.** Who propounds 'Bhakti' as the main thesis of Gita ?

(A) Sankara

(B) Rāmānuja

(C) Lokmānya Tilak

(D) Gandhi

**48.** Apohavada in Buddhism leads to the development of

(A) Nominalism

(B) Conceptualism

(C) Realism

(D) Pragmatism

**49.** According to Russell, which are of the following have meaning of their own ?

(A) Proper names

(B) Definite Descriptions

(C) Indefinite Descriptions

(D) Both (A) and (C)

**50.** Russell said that his doctrine of logical Atomism is derived from the writings of

(A) Schlick

(B) Carnap

(C) Frege

(D) Wittgenstein

**43.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही मेलित है ?

(A) विट्गेंस्टीन – दर्शन तथा विश्लेषण

(B) सी.एस. पीयर्स – आलोचनात्मक दर्शन

(C) हुसरल – अर्थ और उपयोग

(D) जी.ई. मूर – प्रत्ययवाद का खंडन

**44.** रामानुज की सत्ख्याति को निम्नलिखित नाम से भी जाना जाता है :

(A) अनिर्वचनीय ख्याति

(B) अख्याति

(C) सदसत् ख्याति

(D) यथार्थ ख्याति

**45.** यह विचार कि 'भाषा के अनेक कार्य सम्पादित करने होते हैं' – सम्बद्ध है :

(A) अर्थ का चित्र सिद्धांत

(B) अर्थ का उपयोग सिद्धांत

(C) (A) और (B) दोनों

(D) न तो (A) और न (B)

**46.** चार्वाक के अनुसार, ज्ञान प्राप्ति के साधन के रूप में अनुमान को स्वीकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि

(A) पक्ष तथा साध्य में कोई अनिवार्य सम्बन्ध नहीं है ।

(B) पक्ष के ज्ञान के सम्बन्ध में सन्देह है ।

(C) व्याप्ति की स्थापना नहीं की जा सकती है ।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

**47.** निम्नलिखित विचारकों में से किसने 'भक्ति' को गीता का सर्वप्रमुख सिद्धांत बतलाया है ?

(A) शंकर

(B) रामानुज

(C) लोकमान्य तिलक

(D) गाँधी

**48.** बौद्ध-मत के अपोहवाद से निम्नलिखित विकसित होता है :

(A) नाममात्रवाद

(B) प्रत्ययवाद

(C) वस्तुवाद

(D) अर्थक्रियावाद

**49.** रसेल के अनुसार, निम्नलिखित में से किसका अपना स्वयं का एक अर्थ है ?

(A) व्यक्तिवाचक नाम

(B) निश्चित विवरण

(C) अनिश्चित विवरण

(D) (A) और (C) दोनों

**50.** रसेल ने कहा है कि उनके द्वारा प्रतिपादित तार्किक परमाणुवाद का सिद्धांत निम्नलिखित विद्वान के लेखों से व्युत्पन्न है :

(A) श्लिक

(B) कार्नेप

(C) फ्रेगे

(D) विट्गेंस्टीन

**Space For Rough Work**